संतों के आशीर्वाद से समाज आगे बढ़ता है : मदन राठौड

पाली, (नि.सं.)। राज्यसभा सांसद मदन राठौड ने कहा कि संतो के आर्शीवाद से समाज आगे बढता है उन्होंने कहा कि इनके कर्म और वचन हमारे लिये अमूल्य थाती है जिन पर हम चलकर आगे बढ सकते है।

राज्यसभा सांसद राठौड आज सोमवार को पाली जिले के सारण में आयोजित में रावत समाज के निर्मला पीर महाराज आसन महंत वख्तावरनाथ जी महाराज की तपस्या समारोह एवं धर्मसभा में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर प्रदेश का विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आमजन के कल्याण के लिये कार्य कर रहे है। उन्होंने वहां सबसे पहले निर्मला पीर महाराज मंदिर पहुँच दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कहा कि वख्तावर वन जी महाराज की कठोर तपस्या की है । उन्होंने कहा कि आप संतो का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य की जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा घोषित की गई योजनाओं को लागू कर दिया गया है।

इस अवसर पर समारोह को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने संबोधित करते हुये कहा कि पीठ निर्मला पीर महाराज के स्थान को नमन उन्होंने कहा कि उनके विभाग से सम्बंधित जो भी कार्य है उन्हे हम पूरा करवायेगे। साथ ही कहा कि प्रदेश के विकास व आमजन से सभी कोई भी काम हो उनको करने के लिये हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि समाज के लिये कोई भी बच्चों के शिक्षा के क्षेत्र में भी कोई कार्य हो जरूर बताये । कार्यक्रम में पंचायती राज्य मंत्री ओटाराम देवासी का भी शिरकत का कार्यक्रम रहा। पूर्व सांसद पुष्पू जैन ने मारवाड विधायक केसाराम चौधरी कार्यक्रम में विधायक केसाराम चौधरी द्वारा किये गए विकास कार्यो की पुस्तक मारवाड़ जंक्शन एक साल बेमिसाल का विमोचन अतिथियों द्वारा करवाया गया।

ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, पोकरण विधायक प्रताप पूरी ने कहा तपोभूमि जाग्रत स्थान है उन्होंने कहा कि इस धर्मसभा को हमेशा याद किया जाएगा कार्यक्रम को सुनील भण्डारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद की अगवानी में पाली कलेक्टर एल एन मंत्री, एस पी चुनाराम जाट, मारवाड़ एसडीएम महावीर सिंह ने की।

प्रधान मंगला राम, पूर्व प्रधान सुमेर सिंह, जीवन सिंह रावत सहित आगन्तुकों का स्वागत सरपंच गजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह रावत फुलाद, हरि सिंह सिरियारी, सचिव तिलोक सिंह, सहित अनेक सतंजन, जनप्रतिनिधिगण, रावत राजपूत महासभा के पदाधिकारी व आमजन मौजूद रहे।

पाली जिले के सारण में राज्यसभा सांसद मदन राठौड, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अतिथियों का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दिए परीक्षा से तनाव मुक्ति के टिप्स

जोधपुर,(कास) । परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम सोमवार सुबह स्कूलों में आयोजित हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के टिप्स बताए। इसका सीधा प्रसारण शिक्षा मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा दूरदर्शन के माध्यम से विभिन्न चैनलों पर किया गया।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 वायुसेना जोधपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित 8वें परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के 1228 विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रधानमंत्री के बहुमूल्य सुझावों को आत्मसात किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ, क्योंकि प्रधानमंत्री ने न केवल परीक्षा से जुड़ी चिंताओं को दूर करने के उपाय बताए, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उप प्राचार्य मूल सिंह शेखावत, पृथ्वी राज चौहान, जबर चंद गहलोत, जगदीश लोहार, घनश्याम चितारा, मुकेश कुमार सुथार सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

बजट घोषणा का समयबद्ध क्रियान्वयन करें : डॉ.गावंडे

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बजट वर्ष 2024-25 में घोषित जालोर से झालावाड (402 किमी) ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, जसवंतपुरा से चितरोडी सडक मार्ग सहित विभिन्न प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत जसवंतपुरा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, पोषाणा ग्राम में जनजाति बालिका छात्रावास, जालोर में स्टोन मण्डी आदि के संबंध में प्रगति को लेकर बिन्दुवार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने बजट घोषणाओं के अनुसरण में जिले के शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए अमृत 2.0 योजना के साथ ही पंच गौरव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं में प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलैक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त हुए प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार माह के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल, कोषाधिकारी भूपेन्द्र मखवाना, विद्युत विभाग के एसई पी.एस.राठौ?, सीएमएचओ डॉ. भैरालाल जाणी सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

सुरक्षित इंटरनेट का प्रशिक्षण दिया

जालोर, (कासं)। जिले में 11 फरवरी को सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाये जाने को लेकर ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर तक सुरक्षित इंटरनेट जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं । जिसके तहत सोमवार को प्रशिक्षु कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार के प्रशिक्षण दिया गया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी लादेश कुमार शर्मा ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2025 की थीम पर डिजिटल सुरक्षा और इंटरनेट जागरूकता से संबंधित सुरक्षित इंटरनेट पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वर्तमान डिजिटल युग में सामान्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं से लेकर साइबर रक्षक तक के ऑनलाइन संसार को सुरक्षित करने के तरीकों के संबंध में जानकारी दी।

धीरज पुरोहित बने मरुश्री व कोमल सिद्ध मिस मूमल

जैसलमेर, (नि.सं.)। मरू महोत्सव-2025 के अन्तर्गत जैसलमेर के शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में सोमवार को जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, कलेक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, उप महानिरीक्षक बीएसएफ नार्थ योगेन्द्रसिंह राठौड़ ने महोत्सव का आगाज आकाश में गुब्बारे उड़ाकर किया।

मरू महोत्सव की सबसे रोचक प्रतियोगिता मरूश्री एवं मिस मूमल के साथ ही मिसेज जैसलमेर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मरूश्री प्रतियोगिता में 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायकों द्वारा मरूश्री के दिये गये निर्णय के अनुसार प्रतिभागियों में जैसलमेर के धीरज पुरोहित को मरूश्री-2025 के लिए चयन किया गया। मिस मूमल की 20 प्रतिभागियों में निर्णायकों द्वारा दिये गये निर्णय के अनुसार बीकानेर की कोमल सिद्ध मिस मूमल-2025 के लिए चुनी गई। अतिथियों ने मरूश्री विजेता धीरज पुरोहित, मिस मूमल विजेता कोमल सिद्ध को ट्राफी एवं विजेता प्रमाण पत्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया। उन्होंने विजेता होने पर सभी को बधाई दी।

मरू महोत्सव उद्घाटन सत्र में आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं भी दर्शकों के लिए बहुत ही रोचक रही। इसमें ऊँट गाड़ों पर मूमल-महेन्द्रा की पोषाक में स्कूली बालक बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एयरफोर्स स्कूल, द्वितीय स्थान पर महात्मा गांधी आईजीएनपी, तीसरे स्थान पर लिटिल हार्ट सैकंडरी स्कूल रही। साफा बांधो प्रतियोगिता में भारतीयों के बीच आयोजित प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रथम स्थान पर नाथूसिंह, द्वितीय स्थान पर आजाद खान तथा तृतीय स्थान लोकेन्द्रसिंह भाटी विजेता रहे। वहीं विदेशियों के बीच आयोजित साफा बांधो प्रतियोगिता बहुत ही रोचक रही इसमें विदेषी पुरूषों के साथ ही विदेषी मेम ने भाग लिया एवं कभी भी साफा नहीं बांधने वालों ने अपनी सिर पर साफा बांध कर मिसाल पेश की एवं उनके साफों को देखकर सभी दर्शक खिल उठे। इसमें प्रथम स्थान पर फ्रांस के पावलो, द्वितीय स्थान पर होलेंड सिल और तृतीय स्थान पर फ्रांस के ही वॉश विजेता रहे।

जे.डी.ए. में विधायकों ने जनसुनवाई की

जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली व सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने अलग-अलग विभागानुसार एक ही दिन संयुक्त जनसुनवाई की।

जोधपुर, (कास) । सोमवार को दोपहर 3 बजे से सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी एवं जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली ने जोधपुर विकास प्राधिकरण में जनसुनवाई की। जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपायुक्तगण, निदेशक, अभियन्ता, जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

शहरवासियों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने के लिए सूरसागर और शहर विधायकों की तरफ से आज से जनसुनवाई शुरू की गई। जोधपुर शहर विधायक अतुल भंसाली व सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने अलग-अलग विभागानुसार एक ही दिन संयुक्त जनसुनवाई की। यह पहली बार हुआ है जब विधायक व अधिकारियों ने साथ में बैठकर समस्याएं सुनी।

प्रत्येक कार्य दिवस को प्रतिदिन अलग-अलग विभाग के मुख्य कार्यालय में ही जन सुनवाई की जाएगी ताकि मौके पर ही अधिकांश जन समस्याओं के सम्बन्ध में सीधे ही सम्बन्धित अधिकारी जनता को संतुष्ट कर सके। सोमवार को दोपहर में जेडीए में जनसुनवाई की गई। इस दौरान यहां फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विधायकों ने उनकी समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को हाथों-हाथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। विधायक भंसाली व जोशी ने बताया कि जो समाधान स्थानीय स्तर पर हो रहे है, उसके लिए मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए जा रहे है। कुछ ऐसे मामले जो सरकार के स्तर पर रखे जाने हैं, उनको एक माह तक चलने वाले सदन में रखा जाएगा और मंत्री व सीएम के समक्ष उठाकर समाधान किया जाएगा।

मंगलवार को दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक पीएचईडी ऑफिस, बुधवार को दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय, गुरुवार को सुबह 11 से दोपहर तीन बजे नगर निगम उत्तर व दक्षिण और शनिवार को दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक पीडब्ल्यूडी ऑफिस में सुनवाई की जाएगी।

कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का जोधपुर के भीतरी शहर में रूट मार्च

जोधपुर , (कास) । शहर में अपराध, कानून - शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को पुलिस ने भीतरी शहर में रूट मार्च निकाला।

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भीतरी शहर में रूट मार्च निकाला गया।

महिला अपराध अनुसंधान सेल के एडीसीपी सुनील कुमार पंवार जिला पश्चिम के नेतृत्व में 256 अधिकारियों व जवानों को ब्रीफ कर रूट मार्च निकाला गया। आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जोधपुर पुलिस का रूट मार्च पुलिस लाईन से रवाना होकर खास बाग तिराहा से नई सडक़ होते हुए घंटाघर से हेरिटेज भीतरी शहर के अंदर से होते हुए त्रिपोलिया बाजार, सोचती गेट, चांदसा तकिया मार्केट ,पुरी तिराह से होते हुए नई सडक़ से पुन: पुलिस लाइन में पहुंच कर रूट मार्च का समापन किया गया।

पुलिस आयुक्तालय के क्षेत्राधिकार में रूट मार्च निकाल कर आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय तथा आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने के लिए जन संदेश दिया गया। आमजन को सतर्क, सजग एवं जागरूक करने के लिए समय-समय पर रूट मार्च निकाले जाएंगे।

-अनैतिक गतिविधियों के लिए पुलिस को करें सूचित

पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह की आमजन से अपील- आपके आस-पास क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैरकानूनी, अनैतिक, अवैध शराब,मादक पदार्थ बिक्री व संदिग्ध व्यक्ति आदि की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत संबंधित पुलिस थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष 100/112 व व्हाट्सएप नंबर 9530440800 पर सूचित करें।

दो दिवसीय जलसो सायला रो... कार्यक्रम विवरणिका का विमोचन

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर जालोर महोत्सव 2०25 के तहत दो दिवसीय जलसो सायला रो कार्यक्रम को लेकर सोमवार को पंचायत समिति सभागार में बैठक का आयोजन हुआ।

जिसमे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों द्वारा जलसो सायला रो कार्य म विवरणिका का विमोचन किया गया। इस मौके उपखण्ड अधिकारी विश्नोई ने सभी को महोत्सव के तहत सौंपी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने एवं महोत्सव में आमजन की भागीदारी के लिए गांवो में प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उपखण्ड समन्वयक मांगीलाल राजपुरोहित ने दो दिवसीय कार्य म की जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव के तहत प्रथम दिन 15 फरवरी को खेल मैदान में सुबह 9 बजे उद्घाटन समारोह एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमे बालिकाओ द्वारा कलश यात्रा, झांकिया, सायला की सुप्रसिद्ध डबल गैर नृत्य, ढोल व चंग नृत्य, कच्छी घोडी नृत्य, राजस्थानी नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उसके बाद खेल मैदान में दोपहर को रस्साकस्सी प्रतियोगिता, सतोलिया प्रतियोगिता, विभिन्न दौड व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शाम सात बजे खेल मैदान में राजकीय एवं निजी विद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्य मों की प्रस्तुति दी जायेगी एवं भामाशाह सम्मान समारोह होगा। महोत्सव के दुसरे दिन 16 फरवरी को सुबह सात बजे रन फॉर सायला का आयोजन खैल मैदान से कात्यायनी माता मंदिर तक होगा एवं योग कार्य म का आयोजन होगा। उसके बाद पंचायत समिति परिसर में विभिन्न प्रतियोगिताएं का सुबह 1० बजे से शाम 5 बजे आयोजन होगा।

सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात

(आदेश 5 के नियम 1 व जाब्ता दीवानी)

अज अदालत सहायक कलेक्टर जालोर

ब-इजलास श्री मनोज सहायक कलेक्टर जालोर

मुदई शंकरलाल के कायम मुकाम श्रीमति छटीदेवी वगैरा मुदायलाह श्रीमती अमरती देवी वगैरा ।

दावा बाबत् बंटवाडा अन्तर्गत धारा 53 आर. टी.एक्ट व 188 आर. टी.एक्ट बाबत जारी करने स्थाई निषेधाज्ञ मुकदमा नम्बर राजस्व वाद संख्या 50/2021

तारीख पेशा 05.03.2025

बनाम

मुसम्मी -

1. श्रीमति अमरती देवी पत्नी श्री भुरा जाति माली 2. अमराराम पुत्र श्री समेला जाति माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर 3 उकी देवी पत्नी श्री रावता जाति- माली निवासी - आलासन तहसील सायला जिला जालोर 4. ओटा पुत्र रुपा के कायम मुकाम 4/1हरीराम पुत्र ओटा जाति- माली 4/2 छगनलाल पुत्र ओटा जाति माली 4/3 भंवरलाल पुत्र ओटा जाति -माली 5. श्रीमती कान्तादेवी पत्नी तोलाराम जाति माली निवासी रामदेव कॉलोनी जालोर 9. श्रीमती गंगा पत्नी संवाजी जाति- माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर 10. मुनीदेवी पत्नी श्री भोमाराम जाति - कुम्हार निवासी - कुम्हारो का वास जालोर, 11. श्रीमती गमनी देवी पत्नी श्री अन्ना जाति माली के कायम मुकाम 11/1 घीसाराम पुत्र अन्नाजी जाति- माली निवासी - सरदार पटेल मार्ग जालोर के कायम मुकाम 11/1/1 श्रीमती मांगी देवी पत्नी घीसाराम 11/1/2 अशोक पुत्र धीराराम 11/1/3 हितेश पुत्र घीसाराम 11/1/4 आशा पुत्र घीसाराम 11/1/5 मीना पुत्री घीसाराम 11/1/6 मनीषा पुत्री घीसाराम जाति -माली निवासी - सरदार पटेल मार्ग जालोर जालोर 11/2 मगलाराम पुत्र अन्नाजी जाति-माली निवासी- सरदार पटेल मार्ग जालोर 12 श्रीमती गैरो देवी पत्नी समेला के कायम मुकाम, 12/1 अमराराम पुत्र समेला जी जाति माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर 13. चुन्नीलाल पुत्र श्री कपूरा जाति -माली 14. चौथाराम पुत्र भूरा जाति -माली निवासी रामदेव कॉलोनी जालोर 15. चौपराम पुत्र रावता जी जाति माली 16. छोगाराम पुत्र श्री दानाजी जाति - माली निवासी -राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर 17. छोगाराम पुत्र सरुपाजी जाति माली निवासी- रामदेव कॉलोनी जालोर 18. जगाराम पुत्र श्री सोना जाति- माली के कायम मुकाम 18/1 किशन लाल पुत्र जगाराम जाति - माली, 18/2 प्रकाश कुमार पुत्र जगाराम जाति -माली 19. टीकमा पुत्र श्री थानाजी जाति -माली 20. श्रीमति टीपू पुत्री सवाराम जाति -माली 21. तोलाराम पुत्र रावता जाति -माली निवासी -रामदेव कॉलोनी जालोर 22. दीपाराम पुत्र सोना जाति माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर के कायम मुकाम 22/1 श्रीमति सोदरी देवी पत्नि दीपाराम जाति- माली 22/2 राजु राम पुत्र दीपाराम जाति माली 22/3 फेकली पुत्री दीपाराम जाति माली 22/4 उषा पुत्री दीपाराम जाति -माली 22/5 खरगी पुत्री दीपाराम जाति- माली 22/6 भागवती पुत्री दीपाराम जाति- माली 22/7 मायली पुत्री दीपाराम जाति - माली 23. दीपाराम पुत्र हुकमाराम जाति माली निवासी सरदार पटेल मार्ग जालोर के कायम मुकाम 23/1 श्रीमती मफरी देवी पत्नि दीपाराम जाति- माली 23/2 कमलेश पुत्र दीपाराम जाति- माली 23/3 रमेश पुत्र दीपाराम जाति माली 23/4 हेमन्त पुत्र दीपाराम जाति- माली 24. दीपाराम पुत्र सरुपाजी जाति-माली निवासी - रामदेव कॉलोनी जालोर 25. नैनू पुत्री रावता जाति- माली निवासी- पानीया नाडा सिरे मन्दिर रोड जालोर 26. नैनाराम पुत्र श्री भूरा जाति -माली निवासी- रामदेव कॉलोनी जालोर 27. नरसा पुत्र श्री थानाजी जाति-माली निवासी - राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर के कायम मुकाम, 27/1 श्रीमति ओटी देवी पत्नी कानाराम पुत्री नरसाराम जाति -माली निवासी- जालोर बी 28. नरीगाराम पुत्र सवाजी जाति- माली, 29. नारायण राम पुत्र सवाजी जाति- माली 30. निहालचन्द पुत्र भीखा जाति- माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर के कायम मुकाम 30/1 तोलाराम पुत्र निहालचन्द 30/2 जितेन्द्र कुमार पुत्र निहालचन्द 30/3 मंछालाल पुत्र निहालचन्द जाति- माली निवासी किसान छात्रावास के पास जालोर, 31.पुखराज पुत्र दानाजी जाति माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर के कायम मुकाम, 31/1 मदनलाल पुत्र पुखराज, 31/2 हरीश पुत्र पुखराज 31/3 चम्पालाल पुत्र पुखराज जाति - माली 32. पुखराज पुत्र हकमाजी जाति माली निवासी- तिलक द्वार के अन्दर जालोर के कायम मुकाम, 32/1 हनुमानाराम पुत्र पुखराज 32/2 ओमप्रकाश पुत्र पुखराज 32/3 बंटी पुत्र पुखराज जाति- माली 33.पतीया पुत्र आसीया जाति-माली निवासी- गोडिजी जालोर 34. पुनगारा पुत्र सरुपा जी जाति-माली निवासी रामदेव कॉलोनी जालोर 35. पपाराम पुत्र श्री जुहाराराम जाति-माली निवासी- रामदेव कॉलोनी जालोर, 36. प्रतापाराम पुत्र सरुपा जाति- माली निवासी -रामदेव कॉलोनी जालोर 37. प्रेमाराम पुत्र श्री रावता जाति माली निवासी- राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर के कायम मुकाम 37/1 नवाराम पुत्र प्रेमाराम, 37/2 ओमप्रकाश पुत्र प्रेमाराम 37/3 बंशीलाल पुत्र प्रेमाराम जाति-माली 38. प्रहलाद राम पुत्र भूरा जाति- माली निवासी -रामदेव कालोनी कालोनी जालोर 39. पोलाराम पुत्र सवाजी जाति- माली निवासी - रामदेव कालोनी कॉलोनी जालोर, 40. वगता पुत्र थानाजी के कायम मुकाम 40/1 जवानाराम पुत्र वगतजी जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 41 बनाराम पुत्र श्री भुरा जाति-माली निवासी-रामदेव कॉलोनी जालोर, 42 बाबूलाल पुत्र श्री सोना जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर के कायम मुकाम, 42/1 जितु पुत्र बाबुलाल जाति माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 42/2 भावेश पुत्र बाबुलाल जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 42/3 चेनाराम पुत्र बाबुलाल जाति माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 42/4 अन्नाराम पुत्र बाबुलाल जाति- माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 42/5 कालुराम पुत्र बाबुलाल जाति माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 43 बाबुलाल पुत्र सरुपानी जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर, 44 भबुता पुत्र आसीया जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर के कायम मुकाम,44/1 खेताराम पुत्र भबुताराम 44/2 दिनेश पुत्र भबुताराम जाति-माली निवासी-गोडिजी रामपुरा कॉलोनी जालोर तहसील व जिला-जालोर, 45 भीमाराम पुत्र भुरा जाति-माली निवासी-रामदेव कॉलोनी जालोर, 46 मंगलाराम पुत्र श्री कपुरा जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर,47 मांगीलाल पुत्र सरुपाजी जाति- माली निवासी - रामदेव कॉलोनी जालोर, 48 मांगीलाल पुत्र दानाजी जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 49. रामलाल पुत्र रावता जाति-माली निवासी-रामदेव कॉलोनी जालोर, 50 लेहरीदेवी पत्नी श्री कपुरा जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 51 लादूराम पुत्र श्री कपुरा जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 52 श्रीमती वरजू पत्नी गजाराम जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 53 वालाराम पुत्र कपुरा जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 54 श्रीमति शान्तिदेवी पुत्री श्री मादूराम जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 55 सुर्याराम पुत्र जुहाराराम जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 56 सांवलाराम पुत्र सवाजी जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर, 57 श्रीमति सोदरी पत्नी जुहाराराम जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर, 58 हुकीदेवी पत्नी भगवानाराम जाति-कुम्हार निवासी- कुम्हारों का वास जालोर, 59 श्रीमती हंजादेवी पुत्री सवाजी जाति-माली निवासी- राजेन्द्र नगर जालोर कायम मुकाम, 59/1 बाबुलाल पुत्र दीपाजी, 59/2 मोहनलाल पुत्र दीपाजी, 59/3 जुंजाराम पुत्र दीपाजी जाति- माली निवासी-हनुमान नगर कॉलोनी जालोर तहसील व जिला जालोर, 60 हंजादेवी पुत्री मादूराम जाति-माली निवासी-राजेन्द्र नगर जालोर के कायम मुकाम, 60/1 श्रीमती उषा पत्नी सूरजमल जाति-माली निवासी-नाडी मोहल्ला पाली जिला पाली, 60/2 शकुन्तला पत्नी प्रकाश नारायण जाति-माली निवासी-सरदार पटेल मार्ग जालोर तहसील व जिला जालोर, 60/3 प्रमिला पुत्र मुकेश सोलंकी के कायम मुकाम, 60/3/1 मुकेश सोलंकी पुत्र किशनराम जी जाति माली निवासी राजेन्द्र नगर जालोर , 61. हंजाराम पुत्र भूराजी जाति माली निवासी- रामदेव कॉलोनी जालोर 62. हबताराम पुत्र श्री सरुपा जाति-माली निवासी राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर 63. हंसाराम पुत्र गजाराम जाति-माली निवासी राजेन्द्र नगर कॉलोनी जालोर 64. हीरका पुत्र आसीया जाति- माली निवासी रामदेव कॉलोनी जालोर हरगाह की शंकरलाल के कायम मुकाम श्रीमती छटीदेवी वगैरा ने आपका खिलाफ दावा बाबत् बंटवारा व स्थाई निषेधाज्ञा या दायर किया है आपको बजरिये इस तहरीर के दावे की जबावदेही के लिऐ तारिक 05 माह 03सन् 2025 को 10:00 बजे दिन के अदालत हाजा मे असालतन या मार्फत ऐसे वकील के जो हालात मुकदमे के वाकिफ किया गया हो व कुल अभूर अदम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई शख्स हो जो ऐसे सवालात का जवाब दे सके हाजिर रहने के लिए तलब किया जाता है ओर आपको हिदायत की जाती है कि जमुला दस्तावेजात जिस पर आप अपनी जबावदेही का साईद मे इस्तेमाल करना चाहता हो तो उस दिन पेश करो आगाह करो कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपके गैर हाजरी मे सुना व फैसला किया जायेगा । बसिख्त मेरे दस्तखत के अदालत के आज तारिक 29 माह 01 सन् 2025 को जारी किया गया ।

मोहर

सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.)जालोर

अवैध बजरी से भरी ट्रॉली जब्त, चालक गिरफ्तार

जोधपुर, (कास) । लूणी क्षेत्र में नदियों से बजरी का अवैध खनन जारी है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई के बावजूद खनन धड़ल्ले से चल रहा है। नाकाबंदी में पुलिस ने एक अवैध बजरी से भरी ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त कर उसके चालक को माइनिंग एक्ट में गिरफ्तार किया है। आरोपी बजरी को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

लूणी थाने के एसआई गोनवन्दराम ने खेकाड़लीकलां गांव में नाकाबंदी के समय पाली जिले के शिवपुरा थानान्तर्गत अवकाई ढाणी निवासी नरसिंह पुत्र खुमाराम जाट को ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते पाया। उससे बजरी के संबंध में पूछताछ की गई।

युवक से मारपीट

जोधपुर, (कास) । प्रतापनगर सदर क्षेत्र में शराब ठेके पर एक युवक से दो तीन लोगों ने मारपीट करते हुए खाली बोतल से वार किया। जिससे उसके सिर व हाथ में चोट लग गई। युवक की तरफ से पुलिस में इस बाबत रिपोर्ट दी है। आरोपी उसके हाथ से शराब की बोतल भी छीन कर ले गए। प्रतापनगर सदर पुलिस के अनुसार चामू थानान्तर्गत विजय नगर खुडियाला और हाल मेवाड़ा वाइन्स प्रतापनगर सदर क्षेत्र में दुर्ग सिंह पुत्र सुमेर सिंह ने यह रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि 6 फरवरी की रात्रि के समय ठेके पर विष्णु चौधरी और मोहित धारू आदि आए। इन लोगों ने पहले शराब के लिए रूपए मांगे। रूपए दिए जाने से इंकार करने पर मारपीट करने लगे।

भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से गुंजायमान हुआ आसमान

बाड़मेर, (कासं)। सृष्टि के सृजनकर्ता आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती सोमवार को बडे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। जांगिड पंचायत के अध्यक्ष प्रभुदयाल धीर ने विधिवत जयंती समारोह का शुभारंभ करते हुए सभी को जयंती की शुभकामनाएं दी और सबके लिए खुशहाली की कामना की।

सरदारपुरा स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्रात:कालीन शुभ मुहूर्त में पंडित सुरेश व्यास के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन का अनुष्ठान प्रारंभ हुआ जिसमें नवविवाहित जोडों सहित समाज बंधुओं ने आहुतियां दी। इसके पश्चात मंदिर की ध्वजा चढाई गई व बोली लाभार्थियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी का अभिषेक, श्रृंगार, महापूजन व महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान बडी संख्या में समाज का हर वर्ग मौजूद रहा और भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा कर समाज देश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जयंती समारोह के दौरान भामाशाहों व उत्कृष्ट कार्य